Datanet India

Date	Publication	Edition	Headline	Page
09-01-18	Mahanagar Metro	Ahmedabad	Election Atlas of India – launched	04

भारत में अपनी तरह की अनूठी पुस्तक 'इलेक्षन एटलस ऑफ इण्डिया' का हुआ लॉन्च

नई दिल्ली, 8 जनवरी: सामाजिक आर्थिक एवं चुनावी सांख्यिकी आंकड़ों का प्रसार करने वाले भारत के प्रमुख आईटी इनेबल्ड संगठन डेटानेट इण्डिया ने आज नई दिल्ली में आयोजित विष्व पुस्तक मेले में अपनी पुस्तक इलेक्षन एटलस ऑफ इण्डिया का लॉन्च किया। भारत के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त डॉ नसीम ज़ैदी द्वारा प्रस्तावित यह पुस्तक डेटानेट इण्डिया के निदेषक डॉ. आर के ठुकराल द्वारा सम्पादित और प्रकाषित है।

अपनी प्रस्तावना में भारत के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त डॉ नसीम ज़ैदी ने कहा, "एटलस में चुनाव से जुड़े विभिन्न तंथ्यों, मतदाताओं, उम्मीदवारों और वंचित समुदायों के विभिन्न स्तरों पर एकत्रित सांख्यिकी आंकड़ों का इस्तेमाल किया गया है। इन मानकों और पहलुओं को जीआईएस टेकनोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए प्रभावी ग्राफ, चार्ट, विशयगत मानचित्रों के रूप में प्रस्तुत किया गया है। एटलस में संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में उप–चुनावों के बारे में ऐतिहासिक आंकड़ों तथा राज्यों के गठन एवं विभाजन के बाद हुए बदलावों पर रोषनी डाली गई है। एटलस में मैनें पाया गया कि इसमें चुनाव एवं चुनावी जानकारी से जुड़ी कई रोचक कहानियां हैं, जिन्हें डेटा एवं जानकारी के रूप में प्रस्तुत किया गया है। ये विशयगत कहानियां पाठकों को भारतीय चुनाव प्रणाली के विकास के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएंगीकृकृकृकृसंपादक ने संकलन के अंत में व्याख्यात्मक नोट्स और अस्वीकरण दिए हैं।"